# University in News on 07 December 2024

## SWATANTRA BHARAT PAGE 2

### लविवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा आज व कल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 के लिए पीएचडी की प्रवेश परीक्षा 7 व 8 दिसंबर को संस्थान के दोनों परिसर और दो पालियों में कराई जाएगी। जिसमें प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10:30 से 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 से 3:30 बजे तक होगी। प्रवेश परीक्षा के बारे में जानकारी देते हुए लविवि के प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को सुझाव दिया जाता है। परीक्षा प्रारंभ होने के बाद किसी भी परीक्षार्थी का प्रवेश नहीं होगा। परीक्षार्थी अपने दो फोटो अवश्य लेकर आयें। इसके अलावा आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या वोटर कार्ड में से कोई भी एक पहचान पत्र जरूर लेकर आयें। पारदर्शी बोतल में पीने का पानी लेकर आ सकते हैं। परीक्षार्थी नीला एवं काला बाल पॉइंट पेन लेकर ही आएं। प्रश्नपत्र में 70 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे जो 90 मिनट में हल करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1 अंकों का होगा तथा निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

## LOKSATYA PAGE 2

### पीएचडी की प्रवेश परीक्षा सात व आठ दिसंबर को

**लखनऊ, लोकसत्य।** लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत पीएचडी की प्रवेश परीक्षा सात व आठ दिसंबर को लखनऊ विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में कुल दोनों पालियों में कराई जाएगी। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को सुझाव दिया जाता है कि प्रवेश पत्र में उल्लिखित सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें एवं उनका पालन करें। परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर समय से पहुँचे। परीक्षा प्रारंभ होने के उपरांत किसी भी परीक्षार्थी का प्रवेश नहीं होगा। परीक्षार्थी अपने दो फ़ोटो अवश्य अपने साथ लेकर आयें। आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर कार्ड में से कोई भी पहचान पत्र अवश्य लेकर आयें।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

### लविवि : बीए, बीएससी और बीकॉम एनईपी का परीक्षा कार्यक्रम जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को बीए, बीएससी और बीकॉम (एनईपी) कोर्स का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। विद्यार्थी विवि की वेबसाइट पर विस्तृत कार्यक्रम देख सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक कार्यालय से जारी कार्यक्रम के मुताबिक, बीए तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 दिसंबर से 18 जनवरी के बीच होंगी। बीए पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 दिसंबर से 31 जनवरी के बीच होंगी। बीकॉम तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 दिसबंर से चार जनवरी और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 से 27 दिसबंर के बीच होंगी।

बीएससी तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 दिसंबर से 11 जनवरी के बीच होंगी और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 दिसंबर से 21 जनवरी तक होंगी। समस्या आने पर विद्यार्थी परीक्षा विभाग में संपर्क कर सकते हैं। (संवाद)

### लविवि : पीएचडी प्रवेश परीक्षा आज से

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा शनिवार से शुरू होगी। आठ दिसंबर तक परीक्षा चलेगी। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षाएं दोनों परिसर में होंगी। पहली पाली में सुबह 10:30 से 12 बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर 2 से 3:30 बजे तक परीक्षा चलेगी। (संवाद)

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

### लविवि में पीएचडी प्रवेश परीक्षा आज से

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत पीएचडी की प्रवेश परीक्षा 07 एवं 08 दिसम्बर को लखनऊ विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में दोनों पालियों में करायी जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को सुझाव दिया जाता है कि प्रवेश पत्र में उल्लिखित सभी निदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें एवं उनका पालन करें। परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंचे। परीक्षा शुरू होने के बाद किसी भी परीक्षार्थी का प्रवेश नहीं होगा। परीक्षार्थी अपने दो फोटो अवश्य अपने साथ लेकर आयें। आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर कार्ड में से कोई भी पहचान पत्र अवश्य लेकर आयें। पारदर्शी बोतल में पीने का पानी लेकर आ सकते हैं। नीला एवं काला बाल पॉइंट पेन लेकर ही आये। प्रश्नपत्र में 70 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे जो 90 मिनट हल करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1 अंकों का होगा और निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

## TOI PAGE 2

### 100 girl students get trained in self-defence skills at LU

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** Around 100 girl students of Lucknow University on Friday learned self-defence techniques.

The Institute of Food Processing and Technology (IFPT), in collaboration with the Institute of Women's Studies, organised self-defence training on the campus in which experts from the University's physical education department taught girl students self-defence techniques. Nodal officer, Mission Shakti, Manini Srivastava motivated the students during the event.

**Medical camp:** A free medical camp to check bone density of girl students will be held at AP Sen Hall of LU on Monday under the Mission Shakti campaign. Renowned medical practitioner Dr Deepa Kapoor and her team will conduct the test.

"A bone density test, also known as a bone mineral density (BMD) test, measures the amount of calcium and other minerals in one's bones. It's an important test for females because it can help detect osteoporosis, a condition that causes bones to become brittle and thin, which increases the risk of fractures," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.